**Regarding land-pooling policy in Delhi**

**श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) :** आदरणीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि लंबे समय से दिल्ली की दो पॉलिसीज़, जो डीडीए को लागू करनी हैं, पहली, लैंड पूलिंग पॉलिसी है और दूसरी जीडीए पॉलिसी है, ये पॉलिसीज़ लंबित पड़ी हुई हैं । इन दोनों पॉलिसीज़ के लागू हो जाने से दिल्ली स्लम बनने से बचेगी । इनसे दिल्ली की आय भी बढ़ेगी और दिल्ली के किसानों की जमीन, जो दिल्ली सरकार के द्वारा कौड़ियों के दाम पर एक्वायर की जाती हैं, उससे दिल्ली के किसानों को अच्छा मुआवजा भी मिलेगा ।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि लैंड पूलिंग और जीडीए पॉलिसी को दिल्ली के हित में, दिल्ली के किसानों के हित में तुरंत लागू किया जाए ।